


**मैच फिक्सिंग की अफवाह के बाद डिलीट किया ट्वीट**

एक यूजर ने लिखा कि मुंबई इंडियंस ने यह ट्वीट 7 बजकर 38 मिनट पर किया है। स्कोर लिखा है 19.5 ओवर में 163/5। इस टाइम पर दूसरा ओवर चल रहा था और एक विकेट गिरा था। फाइनल स्कोर रहा 162/4। ऐसा लगता है कि आईपीएल में कुछ बड़ा चल रहा है।

## मुंबई इंडियंस के 'भविष्यवाणी' ट्वीट पर हुआ बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मैच फिक्सिंग इंडियन प्रीमियर लीग में एक बड़ा संवेदनशील मुद्दा है। लेकिन फैंस ने मुंबई इंडियंस को एक विवादास्पद ट्वीट के लिए ट्रोल कर दिया। बाद में मुंबई की टीम ने यह ट्वीट हटा दिया। मामला रविवार को मुंबई और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबले से जुड़ा है। 11 अक्टूबर को मुंबई इंडियंस के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से एक ट्वीट हुआ। इसमें दिल्ली का फाइनल स्कोर लिखा हुआ था। कमाल की बात यह है कि मुंबई इंडियंस ने यह ट्वीट मैच शुरू होने के बस 8 मिनट बाद ही किया था। और तो और स्कोर भी लगभग उतना ही रहा जितना मुंबई इंडियंस के आधिकारिक हैंडल से ट्वीट हुआ था। इस डिलीट किए हुए ट्वीट में मुंबई इंडियंस ने लिखा था दिल्ली की टीम अपने 20 ओवरों में 5 विकेट पर 163 रन बनाएगी और दिल्ली की टीम ने चार विकेट पर 162 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने क्विंटन डि कॉक और सूर्यकुमार यादव की हाफ सेंचुरी की मदद से पांच विकेट खोकर 166 रन बनाए और मैच अपने नाम कर लिया। हालांकि, सोशल मीडिया पर बवाल मचने के बाद मुंबई इंडियंस ने इस ट्वीट को हटा दिया। लेकिन तब तक इस ट्वीट का स्क्रीनशॉट वायरल हो चुका था।

# खुश रोहित बोले, हमने हर डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन किया

## दिल्ली को हरा फिर पाइंट टेबल में टॉपर बनी मुंबई

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अबू धाबी। मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा ने यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स पर पांच विकेट की जीत दर्ज के बाद कहा कि उनकी टीम के खिलाड़ियों ने अच्छी गेंदबाजी के बाद बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन किया। मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डि कॉक को मैन ऑफ द मैच चुना गया जिन्होंने 53 रन की पारी खेली। उनके अलावा सूर्य कुमार यादव ने भी इतने ही रन की अर्धशतकीय पारी खेली जिससे टीम ने दिल्ली कैपिटल्स के चार विकेट पर 162 रन के जवाब में 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 166 रन बनाकर पांच विकेट से जीत हासिल की।

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने माना कि उनकी टीम को 10 से 15 रन और बनाने चाहिए थे जिससे चीजें पूरी तरह से बदल सकती थीं। मुंबई इंडियंस के कप्तान



रोहित अपनी टीम के प्रदर्शन से खुश दिखे और उन्होंने कहा कि वह टूर्नामेंट के शुरुआती हिस्से में टीम के प्रदर्शन से खुश हैं।

रोहित ने जीत के बाद कहा, 'यह काफी मायने रखती है। हम जिस तरह का क्रिकेट खेल रहे हैं, वह हमें आगे बढ़ने के लिये आत्मविश्वास देता है। टूर्नामेंट के पहले हिस्से में हम जैसा खेल रहे हैं, उससे सचमुच खुश हूं। आज हमारे लिये परफेक्ट दिन था। हमने आज सबकुछ सही किया। हमने पहले अच्छी गेंदबाजी की और फिर बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन किया। हालांकि अंत में ऐसा नहीं कर पाये। हमने हमेशा ही एक जमे हुए बल्लेबाज की अंत तक रहने की अहमियत के बारे में बात की है क्योंकि वह परिस्थितियों को अच्छी तरह जान लेता है।'

रोहित ने कहा, 'टूर्नामेंट में लक्ष्य पीछा करना (अन्य टीमों का) इतना अच्छा नहीं रहा है लेकिन हमने जैसा प्रदर्शन किया है, उससे हमारा आत्मविश्वास बढ़ता है कि हम किसी भी लक्ष्य का पीछा कर सकते हैं।'

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अय्यर ने कहा, 'हम 10 से 15 रन कम रह गए। अगर यह लक्ष्य 175 रन का होता तो यह काफी अलग होता। मार्कस स्टोइनिस जब रन आउट हुआ, हम वहीं चूक कर गये। हमें इस पर काम करने की जरूरत है। हमें अपने क्षेत्ररक्षण पर भी काम करने की जरूरत है। उन्होंने हमें पछाड़ दिया।' उन्होंने कहा, 'हमें अगले मैच से पहले अपनी मानसिकता पर काम करने की जरूरत है। मुझे लगता है कि हमारे लिये अहम होगा कि हम चीजों को हल्के में नहीं लें। हमें कुछ चीजों पर काम करने की जरूरत है।'

ऋषभ पंत की चोट के बारे में उन्होंने कहा, 'हमें नहीं पता कि ऋषभ कब वापसी करेगा। मैंने डाक्टर से बात की और उन्होंने कहा कि वह एक हफ्ते तक आराम करेगा।'

# राहुल तेवतिया को 6 साल बाद मिला इनाम, बन चुके हैं मैच विनर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स की टीम ने यूएई में खेले जा रहे आईपीएल 2020 में अब तक 7 मैचों में 3 मैच जीते हैं। इन तीन मैचों में ऑलराउंडर राहुल तेवतिया ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस तरह राहुल तेवतिया राजस्थान रॉयल्स की जीत का पर्याय का बन चुके हैं। अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो राहुल तेवतिया के प्रदर्शन के दम पर ही टीम को जीत मिली है। हालांकि, उनको एक इनाम मिलने में 6 साल लगे हैं।

दरअसल, राहुल तेवतिया ने साल 2014 में इंडियन प्रीमियर लीग में डेब्यू किया था और साल 2020 को उनको पहला मैन ऑफ द मैच अवॉर्ड मिला है। इस तरह कह सकते हैं कि उनको मैच के सबसे बड़े इनाम के लिए 6 साल का इंतजार करना पड़ा। हालांकि, पहले कुछ सालों में उन्होंने कम मैच खेले थे, लेकिन मौजूदा समय में वे राजस्थान रॉयल्स के लिए एक दमदार ऑलराउंडर की भूमिका निभा रहे हैं।

### तीन टीमों से खेल चुके हैं आईपीएल

आइपीएल के इतिहास में राजस्थान रॉयल्स, किंग्स इलेवन पंजाब और दिल्ली कैपिटल्स के लिए वे अब तक 27 मैच खेल चुके हैं, लेकिन पहली बार उनको प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला, जब उन्होंने राजस्थान रॉयल्स को एक लगभग हारे हुए मैच में जीत दिलाई। हैरान करने वाली बात ये भी है कि जिस मैच में राहुल तेवतिया चले हैं, उस मैच में राजस्थान की टीम ने जीता है, जबकि अन्य मैच में टीम ने हारे हैं। राहुल तेवतिया हरियाणा के सिही में जन्मे हैं।

राजस्थान रॉयल्स ने अपनी पहली जीत चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ हासिल की थी। राजस्थान ने शारजाह के मैदान पर सीएसके को 16 रन से हराया था। उस मैच में राहुल तेवतिया ने 8 गेंदों में 10 रन बनाए थे, जबकि बतौर गेंदबाज उन्होंने 4 ओवर में 37 रन देकर 3 विकेट हासिल किए थे, जिसमें शेन वॉटसन का विकेट भी शामिल था। अगले मैच में वे किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ तूफानी तेवरों में नजर आए। अपनी टीम के लिए अहम पारी खेलकर टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई है।

## स्मिथ ने कहा, ये खिलाड़ी तो दबाव में और भी कमाल करता है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को खेले गए दिन के पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शानदार जीत हासिल की। ऑलराउंडर राहुल तेवतिया ने एक बार फिर राजस्थान को हारा हुआ मुकाबला जिताया। इस खिलाड़ी के प्रदर्शन से कप्तान स्टीव स्मिथ काफी प्रभावित हुए और उनकी जमकर तारीफ की। टूर्नामेंट के 26वें मुकाबले में हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मनीष पांडे के अर्धशतक और कप्तान डेविड वार्नर के 47 रन की पारी के दम पर 159 रन का लक्ष्य राजस्थान को दिया था। जवाब में टीम ने महज 78 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे लेकिन राहुल तेवतिया ने रियान पराग के साथ मिलकर 85 रन की नाबाद साझेदारी कर टीम को जीत तक पहुंचाया।

मैच के बाद स्मिथ ने तेवतिया के बारे में बात करते हुए कहा, वो बहुत ही ज्यादा प्रभावशाली रहे हैं क्यों है या नहीं। दबाव वाली स्थिति में तो वो और भी ज्यादा निखरकर आते हैं। इसके बाद आप उनकी गेंदबाजी और फील्डिंग को देखिए वो वाकई बहुत ही कमाल के खिलाड़ी हैं। उम्मीद करता हूं कि हम उनके लिया भविष्य में इस तरह से ज्यादा मौका ना आने दें।

## न्यूज डायरी



### माता-पिता बनने वाले हैं जहीर खान और सागरिका घाटगेः रिपोर्ट्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान और बॉलीवुड अभिनेत्री सागरिका घाटगे माता-पिता बनने वाले हैं। दोनों पहली बार माता-पिता बनेंगे। जहीर और सागरिका ने 2017 में शादी की थी। फिलहाल दोनों यूएई में हैं। जहीर आईपीएल की फ्रैंचाइजी मुंबई इंडियंस के साथ बतौर डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट ऑपरेशंस जुड़े हुए हैं। हालांकि जहीर और सागरिका ने खुद इस बारे में कोई टिप्पणी नहीं की है लेकिन हमारे सहयोगी अखबार मुंबई मिरर ने इस कपल के दोस्त के हवाले से इस खबर की पुष्टि की है। जहीर ने हाल ही में यूएई में अपना जन्मदिन मनाया था। उनके साथ मुंबई इंडियंस की टीम के साथी मौजूद थे। सागरिका भी उनके साथ थीं। मुंबई इंडियंस ने केक काटने का वीडियो भी साझा किया था। अनुष्का और विराट जनवरी में माता-पिता बनेंगे। विराट, अनुष्का ने खुद ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी थी।

### अखाड़े में गीता फोगाट का नन्हा पहलवान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत की जानी-मानी पहलवान गीता फोगाट ने अपने बेटे अर्जुन की प्यारी सी तस्वीरें पोस्ट की हैं। इनमें उनका बेटा मिट्टी में खेल रहा है। इस ट्वीट को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। 53 हजार से ज्यादा लोग इसे लाइक कर चुके हैं और करीब 3.5 हजार लोगों ने इसे रीट्वीट किया है। गीता ने ट्विटर पर फोटो के साथ कैप्शन दिया- जिस मिट्टी में खेल-कूद कर आज हम इस मुकाम पर हैं उसी मिट्टी में अर्जुन को पलता बढ़ता देखना एक माँ होने के नाते मेरे लिए सबसे सुनहरे पल हैं। इन तस्वीरों को लोग खूब पसंद कर रहे हैं। इन्हें 53000 से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं।

### नहीं खेला जाएगा बांग्लादेश प्रीमियर लीग, बोर्ड ने कहा-नहीं है आईपीएल जितने पैसे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। बांग्लादेश के टी20 लीग बांग्लादेश प्रीमियर लीग को इस साल स्थगित करने का फैसला लिया गया है। इस साल होने वाला यह टूर्नामेंट अब नहीं खेला जाएगा इस बार की पुष्टी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन ने की है। साल के अंत में खेले जाना यह टूर्नामेंट का आठवां एडिशन होने वाला था। एक अंग्रेजी वेबसाइट से बात करते हुए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया, बीपीएल इस साल नहीं हो रहा है। देखते हैं कि इसे अगले साल कब कराया जाता है। हम तो एक भी मैच मिस नहीं करना चाहते हैं लेकिन यह सबकुछ हालात और परिस्थिति पर निर्भर करता है। हसन ने बताया कि इस साल टूर्नामेंट को नहीं कराए जाने के पीछे की सबसे बड़ी वजह विदेश खिलाड़ियों का उपलब्ध नहीं हो पाना है। बांग्लादेश के बाहर इस टूर्नामेंट को कराए जाने के विचार को बीसीबी अध्यक्ष ने सिरे से नकार दिया।

### जोकोविक को हरा नडाल बने फ्रेंच ओपन चैंपियन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। क्ले कोर्ट यानी लाल बजरी के बादशाह स्पेन के दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल ने रविवार को सर्बिया के नोवाक जोकोविक को पुरुष सिंगल्स के फाइनल में सीधे सेटों में शिकस्त देकर अपना 13वां फ्रेंच ओपन खिताब जीता। विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी नडाल ने रोलां गैरां में विश्व के नंबर एक जोकोविक को एकतरफा अंदाज में 6-0, 6-2, 7-5 से मात देकर लाल बजरी पर खेले जाने वाले इस ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में अपनी बादशाहत कायम रखी। इसके साथ उन्होंने अपने करियर में एक खास उपलब्धि भी हासिल की। उन्होंने पुरुष सिंगल्स में सर्वाधिक खिताब जीतने के मामले में स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर के कुल 20 खिताब की भी बराबरी कर ली है। अब दुनिया के दो महान टेनिस खिलाड़ियों के पास बराबर 20-20 ग्रैंड स्लैम खिताब हो गए हैं तो नए साल की शुरुआत के साथ ही इस रेस में आगे निकलने की जंग भी देखने को मिलेगी।